xi. Concealing factual data or submission of false/fabricated data may result in revocation of this environmental clearance and attract action under the provisions of Environment (Protection) Act, 1986.

xii. The Ministry may revoke or suspend the clearance, if implementation of any of the above conditions is not satisfactory.
xiii. The ministry reserves the right to stipulated additional conditions if found necessary. The Company in a time bound manner shall implement these conditions.
xiv. The Regional Office of the Ministry shall monitor compliance of the stipulated conditions. The project authorities should extent full cooperation to the Officer(s) of the Regional Office by furnishing the requisite data/information/monitoring report.
xv. The above conditions shall be enforced, inter-alia under the provisions of the Water (Prevention & Control of Pollution) Act, 1974, the (Prevention & Control of Pollution) Act, 1981, the Environment (Protection) Act, 1986, Hazardous and Other Wastes (Management and Transboundary Movement) Rules, 2016 and the Public Liability Insurance Act, 1991 along with their amendments and Rules any other orders passed by the Hon'ble Supreme Court of India/ High Courts/NGT and any other Court of Law relating to the submit matter.

7. Case No 9220/2022 M/s Devi Construction, Prop., Shri Jitendra Kumar Pateria, Village - Berkheri, Post - Sahawan, Tehsil - Banda, Dist. Sagar, MP - 470337, Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 2.0 ha. (10000 Cum per annum) (Khasra No. 564), Village - Berkheri, Tehsil - Banda, Dist. Sagar (MP)

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 564), Village - Berkheri, Tehsil - Banda, Dist. Sagar (MP) 2.0 ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

सेक की 578वीं बैठक दिनांक 16/06/22 को परियोजना प्रस्तावक और उनकी ओर पर्यावरण सलाहकार उपस्थित हुए । परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रकरण से संबंधित दस्तावेज जैसे : लीज स्वीकृति पत्र, ग्राम सभा, वन मण्डलाधिकारी की एनओसी, तहसीलदार सर्टिफिकेट, खनिज अधिकारी की 500 मीटर में संचालित खदानों की जानकारी, अनुमोदित खनन् योजना, खसरा पंचशाला, फार्म–2, जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, पी.एफ.आर. एवं ई.एम.पी. प्रस्तुत की गई। प्रकरण में परीक्षण में पाया गया कि कार्यालय कलेक्टर, (खजिन शाखा) एकल प्रमाण–पत्र कमांक 966 दिनांक 25/05/22 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में अन्य कोई खदान स्वीकृत/संचालित नही है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑन लाईन अपलोड माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांस के आधार पर गूगल इमेज अनुसार प्रश्नाधीन खदान के उत्तर–पश्चिम दिशा में 170 मीटर एवं पश्चिम दिशा में 230 मीटर पर पक्की रोड़ है । इसी प्रकार दक्षिण पश्चिम दिशा में 280 मीटर पर स्केटर्ड आवास हैं । आवंटित क्षेत्र प्राकृतिक जल धारा से निर्मित गुली पर स्थित है।

प्रस्तुतीकरण के पश्चात् परियोजना प्रस्तावक से निम्नानुसार जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए :—

- ✓ नॉन माईनिंग क्षेत्र (लीज के दक्षिणी—पूर्वी भाग) दिखाते हुए पुनरीक्षित सरफेस मेप ।
- ✓ समिति द्वारा सुझाये अनुसार पुनरीक्षित ई.एम.पी. / वृक्षारोपण / सीईआर योजना ।

प्ररियोजना प्रस्तावक ने उपरोक्त जानकारी परिवेश पोर्टल पर ऑन लाईन दिनांक 24 / 6 / 22 को प्रस्तुत कर दी गई है ।

प्रकरण पूर्व में सेक की 582वीं बैठक दिनांक 29 / 06 / 22 को प्रस्तुतीकरण हेतु नियत था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक और उनकी ओर पर्यावरण सलाहकार उपस्थित हुए । परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान चाही गई जानकारी दिनांक 24 / 06 / 22 द्वारा दी गई, जिसे समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया । समिति के संज्ञान में लाया गया कि सिया के पत्र क्रमांक 862 दिनांक 28 / 06 / 22 के माध्यम से प्रकरण क्रमांक 9920 / 2022 ग्राम बनखेड़ी तहसील बंडा जिला सागर, परियोजना प्रस्तावक श्री जितेन्द्र कुमार पटेरिया के नाम से स्वीकृत खदान के संबंध में एक शिकायत उनको प्राप्त हुई है, जो उनके द्वारा उपरोक्त पत्र के माध्यम से निराकरण हेतु सेक को प्रेषित की गई है । प्राप्त शिकायत का समिति ने अवलोकन किया तथा पाया कि प्रार्थी राजा सिंह, ग्राम बनखेड़ी तहसील बंडा जिला सागर ने अपने पत्र क्रमांक निल दिनांक निल के द्वारा शिकायत की है कि —

''सिया केस केस संख्या 9220 / 22 से पर्यावरण की अनुमति हेतु आवेदन किया गया है जो कि स्वीकृति योग्य नहीं है 150 मीटर के अंदर आदिवासी रहवासी क्षेत्र स्थित है जिससे लोगों के घरों पर खदान से पत्थर एवं धूल आएगी जिसका लोगों की जीवनी पर बुरा असर होगा कृपया खदान की अनुमति किसी अन्य क्षेत्र में दी जाये उक्त जगह पर नहीं दी जाये ।

समिति ने उपरोक्त शिकायत के परिप्रेक्ष्य में यह पाया कि कार्यालय कलेक्टर, (खजिन शाखा) द्वारा जारी एकल प्रमाण—पत्र (क्रमांक 966 दिनांक 25 / 05 / 22) अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में कोई मानव बसाहट नहीं है किंतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑन लाईन अपलोड अक्षांश—देशांस के आधार पर गूगल इमेज अनुसार प्रश्नाधीन खदान के दक्षिण पश्चिम दिशा में स्केटर्ड आवास स्थित हैं जो प्रश्नाधीन खदान से 200 मीटर से अधिक दूरी पर परिलक्षित हो रहे है। अतः समिति ने यह अनुशंसा की कि उपरोक्त शिकायत के परिप्रेक्ष्य में सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार) या प्रभारी, अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर, सागर से यह प्रमाणिक जानकारी 15 दिनों के अंदर प्राप्त की जाये कि क्या प्रश्नाधीन खदान के 150 मीटर के अंदर कोई आदिवासी रहवासी क्षेत्र स्थित है जिससे लोगों के घरों पर खदान से पत्थर एवं धूल आएगी तथा उन लोगों की जीवनी पर बुरा असर होगा । उपरोक्तानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रकरण में विचार किया जावेगा ।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन क्येरी रिप्लाई परिवेश पोर्टल के माध्यम से दिनांक 21/07/22 को प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार परियोजना प्रस्तावक ने सूचित किया है कि कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा सागर मध्य प्रदेश के पत्र क्रमांक 1083 खनिज 2022 सागर दिनांक 19.07. 2022, कार्यालय तहसीलदार बंडा जिला सागर के प्रतिवेदन पत्र क्रमांक 243 बंडा दिनांक 18.07. 2022 एवं पटवारी द्वारा संलग्न मौका पंचनामा रिपोर्ट के अनुसार यह प्रमाणित किया गया है की उक्त उत्खनिपट्टे से आदिवासी टोला 350 मीटर की दूरी पर स्थित है एवं टोले से अलग से मकान जो की उत्खनिपट्टे से 245 मीटर पर बना है। अतः उत्खनिपट्टे के 150 मीटर में किसी आदिवासी का रहवास नहीं है।

प्रकरण की विवेचना के दौरान समिति ने पाया कि सागर जिले के नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट अनुमोदित हेतु अभी तक अप्राप्त है तथापि परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन पुरानी जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में अपलोड किया गया है जिसमें प्रस्तावित खदान का उल्लेख नही है, अतः इस स्थिति में इस प्रकरण पर पर्यावरणीय अभिस्वीकृति हेतु विचार किया जाना संभव नहीं है साथ ही समिति की यह भी अनुशंसा है कि प्रकरणों को ऑनलाईन स्वीकार करते समय उपरोक्त स्थिति का ध्यान रखा जाये ताकि प्रकरणों के लम्बित रहने की स्थिति न बने ।

8. **Case No 6819/2020 M/s Atul Polychem, 2nd Floor, Amit Apartment, E-5, Ratlam Kothi, Dist. Indore, MP – 452001 Prior Environment Clearance for Expansion in manufacturing of Synthetic Resin (From 2,700 to 11,000 MT/annum) at Khasra No. 58/1/K, Village - Raokhedi, Post - Mangaliya, AB Road, Tehsil - Sanwer, Dist. Indore (MP). Cat. - 5(f). Environmental Consultant:San Envirotech Pvt. Ltd.**

This is the case for Prior Environment Clearance for Expansion in manufacturing of Synthetic Resin at Khasra No. 58/1/k, Village - Raokhedi, Post - Mangaliya, AB Road, Tehsil - Sanwer, Dist. Indore (MP). The proposed project falls under item no 5(f).

Earlier this case was scheduled for presentation and discussion in 425th SEAC meeting dated 26/02/20 wherein ToR was recommended.

EC recommended in 458 SEAC meeting dated 22-09-20. EC granted in 642 SEIAA meeting dated 05-10-20. EC issued vide letter no. 4519-20/SEIAA/20 dated 27-10-20.

SEIAA has sent the on-line case file to SEAC on 23-06-22 for EC amendment. PP has applied for EC amendment in the prescribed form- 4.

The case was presented by the PP and their consultant wherein PP submitted that as per granted EC the total water requirement of plant after expansion will increase to 10.5 KLD and waste water generation will be 6.5 KLD (Domestic 2.0 KLD, condensate from process 3.5 KLD & cooling bleed off 1.0 KLD). PP further submitted that in their

submitted EIA report they have proposed to send industrial effluent to CETP after primary treatment at site. However, as per granted EC, it has been instructed by H'ble SEIAA/SEAC M.P. to ensure "Zero Effluent Discharge" from the unit by recycling. To ensure ZLD, industry had explored the possibility of installation of "Zero Liquid Discharge" Plant & reuses the treated water within the premises. However, the capital & maintenance cost for ZLD Plant is expensive. Investment on ZLD plant will be expensive for the industry and the industry would not be able to manufacture the final product at a reasonable cost due to which economic viability will be lost as the cost of ETP for this unit will be approx. 70.00 lakhs.Thus we request the H'ble SEIAA/SEAC M.P. for amendment in EC to allow us to send industrial effluent after primary treatment to CETP, Indore for further treatment & disposal. The case was scheduled for presentation and discussion in the 582nd SEAC meting dated 29/06/22 wherein after presentation PP was asked to submit following information for further consideration of the project:

1. Since during public hearing it was redommended by the district authorities that CETP at Sanwer Road, Indore is for the industries located in that area thus what are the zone of influence / consideration of CETP Sanwer Road, Indore? Please provide credible proof issued by the competent authorities to justify your proposal.
2. Detailed justification (component wise) of cost of proposed ETP for Rs. 75.00 lakhs.
3. How PP will ensure safe and spill proof transportation of waste water through tankers from plant site at Mangliya to CETP at Sanwer Road, Indore. How much distance will be travelled by road?

PP has submitted the online query reply raised in 582nd SEAC meeting dated 29.06.2022 through "Parivesh Portal" on dated 17.07.2022 and thus the cxase was scheduled in the 587th SEAC meeting dated 02/08/22. The case was presented by the PP Mr. Ajay Patel (online). During presentation it was observed by the committee that PP is unable to justify their request for amendment in previous EC conditions. PP is also unable to produce credible proof of competent authorities prescribing the zone of influence / consideration of CETP Sanwer Road, Indore. Committee further observed that in the minutes of public hearing following recommendations were made by the competent authorities:

''उद्योग द्वारा दूषित जल का प्राथमिक उपचार कर इसे लगभग 18 किलोमीटर दूर सांवेर रोड़ औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित कॉमन इफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट में अंतिम रूप से उपचार एवं निष्पादन हेतु भेजे जाने का प्रस्ताव दिया गया है । यह मान्य योग्य नहीं है । उक्त सीईटीपी सांवेर रोड़ औद्योगिक हेतु स्थापित किया गया है, अतः उद्योग स्वयं के परिसर में विस्तृत दूषित जल उपचार संयंत्र की स्थापना करेगा व उपचारित दूषित जल का पुनर्उपयोग उद्योग/परिसर में वृक्षारोपण हेतु किया जावेगा व उद्योग परिसर से बाहर शून्य निस्त्राव की स्थिति रखी जावेगी । उद्योग द्वारा

घरेलू कार्यो से उत्पन्न दूषित जल को सोकपिट में छोड़े जाने का प्रस्ताव मान्य योग्य नहीं है । उद्योग द्वारा उपरोक्तानुसार परिसर में सीवेज सह इफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जावे व सभी प्रकार के दूषित जल का उपचार कर उसका पुनर्उपयोग सुनिश्चित् किया जावे'' ।

Considering above recommendations of public hearing a condition was imposed to install ETP and also to ensure "Zero Effluent Discharge". After deliberations, committee does not agree to the submissions made by PP as no logical answers/reasons are provided by PP to amend the conditions and decided to stands by its earlier recommendations made in 458th SEAC meeting dated 22/09/20.

9. <u>जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – आगर मालवा, म.प्र.– (रेत खनिज)</u>

जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज) कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–आगर मालवा के पत्र क्रमांक 1926 दिनांक 22/06/22 के माध्यम से नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2021, (रेत खनिज) जिला– आगर मालवा राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति को प्रेषित की गई थी, जिसकी प्रतिलिपि राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण (सिया) को दी गई थी किंतु उक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट आज दिनांक तक सेक में अप्राप्त है । उक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज) जिला–आगर मालवा राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति को ई–मेल के माध्यम से दिनांक 20/07/22 को प्राप्त हुई है । कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–आगर मालवा से प्राप्त में यह उल्लेखित है कि संचालक (प्रशासन एवं खनिकर्म), भोपाल के दिशा–निर्देशानुसार गठित समिति द्वारा उक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुमोदन की अनुशंसा की गई हैं ।

उक्त नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2021 (रेत खनिज), राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के सदस्यों को दिनांक 27/07/22 (सॉफ्टकॉपी) को प्रेषित की गई थी तथा प्रस्तुतीकरण/चर्चा हेतु राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 में प्रस्तावित की गई।

राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 में आगर मालवा जिले की उक्त नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2021 (रेत खनिज), पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान खनिज विभाग, कटनी की ओर से श्री सतीश मिश्रा, प्रभारी खनिज अधिकारी ऑनलाईन उपस्थित हुए जिसमें पाया गया कि :–

1. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 में निर्धारित फार्मेट (पेज–56 एवं 57) अनुसार जानकारियॉ वांछित तालिका में नहीं दी गई है।
2. उक्त जिला सर्वेक्षण के अवलोकन से यह ज्ञात नहीं होता कि इसे आमजन के सुझाव आंमत्रित करने बाबत् उसे जिले के पोर्टल पर नियत अवधि के लिए कब अपलोड किया गया तथा उक्त समयावधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त होने पर उसका निराकरण किस प्रकार किया गया ।
3. इसी प्रकार इस जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में लीजवार/नदीवार रेत की उपलब्धता दर्शाने वाली

तालिका में विवरण नहीं दिया गया हैं ।

4. पेज नं. 45 पर प्रस्तुत रेनफॉल की जानकारी अस्पष्ट/अपठनीय है ।
5. तालिका मे ना ही नदी–वार लीजों की सूची, स्वीकृत क्षेत्र, स्वीकृत माईनिंग, गहराई के साथ उपलब्ध रेत की मात्रा एंव तदुपरांत उत्पादन, खनिज योग्य खनिज क्षमता, मात्रा की 60% मात्रा को दर्शाया जाना चाहिये। अतएव इस तालिका को पुनरीक्षित किया जाना प्रस्तावित है।
6. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विगत 03 वर्षो में उत्खनित रेत की खदानवार मात्रा भी दर्शाई जाये, जिससे यह ज्ञात हो सके कि उस स्थल पर खदान का मिनरल पोटेंशियल विगत 03 वर्षो में कितना रहा है ।
7. इसी प्रकार जिले में स्वीकृत/प्रस्तावित खदानों को को–आर्डिनेट के अनुसार डिजिटाईज मेप (आर्क व्यू / गूगल अर्थ कम्पेटेवल – सी.डी.में) भी संलग्न किया जाये ताकि पर्यावरण अभिस्वीकृति के समय खदानों की सही स्थिति ज्ञात करने में तथा 500 मीटर के अंदर स्थित अन्य स्वीकृत खदानों की जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो ।
8. प्रायः देखा जा रहा है जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में रेत निर्माण होने की भू–वैज्ञानिक विधि की सामान्य जानकारी दी जाती है जो सभी जिला सर्वेक्षण रिपोर्टो में एक जैसी ही है जिसके स्थान पर जिलें में मिलने वाली नदी के अपस्ट्रीम क्षेत्र में मिलने वाली चट्टानों का (रॉक फार्मेशन) का समावेश होना चाहिए ।
9. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में प्रदर्शित नक्शों में जो भी फीचर्स दिखाया जाता है उसको संबंधित नक्शें के लीजेंड में भी दिखाया जाना चाहिए एवं नक्शों का स्केल ऐसा होना चाहिए कि समस्त फीचर स्पष्ट दिख सके । यदि ए–4 साईज में नक्शें नहीं आ पा रहे हो तो ए–3 साईज में नक्शों को बनाना चाहिए।
10. समिति ने संबंधित जिलों के खनिज अधिकारियों को निर्देशित करती है कि इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि नदियों में किसी स्थान पर मछलियों / कछुआ /घड़ियाल / मगरमच्छ आदि जलचरों का ब्रीडिंग ग्राउण्ड तो नहीं है यदि ऐसा कोई स्थानीय संवेदनशीन क्षेत्र दृष्टिगत होता है तो खनन् क्षेत्र की सीमा को 60 प्रतिशत से कम कर 50 प्रतिशत तक भी सीमित किया जा सकता है ।
11. समिति ने यह भी सुझाव दिया कि सभी खनिज अधिकारी अपनी साईट विजिट के दौरान खदान द्वारा किये जा रहे पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं का भी अवलोकन करें एवं यदि कोई पर्यावरणीय संवेदनशीलता दृष्टिगत हो, जिस पर ध्यान दिया जाना आवश्यक हो तो संबंधित तथ्यों से राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारिण प्राधिकरण को उचित कार्यवाही हेतु अवगत करायें।

चर्चा उपरांत समिति की यह अनुशंसा है कि आगर मालवा जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को समिति द्वारा सुझाई गई उपरोक्त अनुशंसाओ के तारतम्य में अद्यतन (अपडेट) किया जाये तथा संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के अनुसार पुनः प्रस्तुत की जाये । ऑन लाईन उपस्थित श्री सतीश मिश्रा प्रभारी खनिज अधिकारी को भी उपरोक्त संदर्भ में समझाईश दी गई तथा पर्यावरण,

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के निर्धारित फार्मेट अनुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को अद्यतन कर लें । तद्नुसार प्रकरण आगामी कार्यवाही राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

10.<u>जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – कटनी, म.प्र.– (रेत खनिज)</u>

जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज) कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–कटनी के पत्र क्रमांक 1726 दिनांक 27/07/22 के माध्यम से नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2022, (रेत खनिज) जिला–कटनी राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति को प्राप्त हुई थी, जिसकी प्रतिलिपि राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण (सिया) को दी गई थी। कार्यालय (खनिज शाखा) जिला–कटनी, म.प्र. ने अवगत कराया कि इस जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (**रेत खनिज**) पर सुझाव आंमत्रित करने बाबत् उसे जिले के पोर्टल पर नियत अवधि के लिए अपलोड किया गया था। उक्त समयावधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही होने के फलस्वरूप दिनांक 22/07/2022 को गठित समिति के समक्ष रखी गई थी ।

उक्त नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2022 (रेत खनिज), राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के सदस्यों को दिनांक 27/07/22 (सॉफ्टकॉपी) को प्रेषित की गई थी तथा प्रस्तुतीकरण/चर्चा हेतु राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 में प्रस्तावित की गई।

राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 तक कटनी जिले की उक्त नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2022 (रेत खनिज), पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान खनिज विभाग, कटनी की ओर से श्री पवन कुशवाहा, खनि निरीक्षक ऑनलाईन उपस्थित हुए जिसमें पाया गया कि:–

1. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 में निर्धारित फार्मेट (पेज–56 एवं 57) अनुसार जानकारियॉ वांछित तालिका में नहीं दी गई है।
2. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विगत 03 वर्षो में उत्खनित रेत की खदानवार मात्रा भी दर्शाई जाये, जिससे यह ज्ञात हो सके कि उस स्थल पर खदान का मिनरल पोटेंशियल विगत 03 वर्षो में कितना रहा है ।
3. प्राप्त नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2022 (रेत खनिज) के साथ संलग्न प्रपत्र से यह स्पष्ट नहीं है कि दिनांक 22/07/22 को आयोजित जिला समिति की बैठक में इस जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया अथवा नहीं, अतः जिला समिति की स्पष्ट अनुशंसा प्राप्त की जाये अथवा जिला समिति के पूर्ण कार्यवाही संलग्न करें जिसमें जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट उनके द्वारा अनुमोदित की गई हो ।
4. पिछले तीन वर्षो के दौरान रेत खनिज राजस्व प्राप्ति के ब्यौरों में सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि वर्ष 2019–20 में रेत का उत्पादन 65,000 घनमीटर दर्शाया गया है जबकि रॉयल्टी

शून्य दर्शाई गई हैं । (पेज नं.–35)

5. जिले की सर्वेक्षण रिपोर्ट मे बहुत सारी जानकारियां मुख्य एंव गौण खनिज की दी गयी है।
6. पेज नं. 45 पर प्रस्तुत रेनफॉल की जानकारी अस्पष्ट/अपठनीय है ।
7. पेज नं.–35 के अंतिम पैराग्राफ में दी गई तालिका के विवरण अपठनीय है ।
8. पेज न0. 56 के अन्तर्गत प्रदाय की जानकारी अपूर्ण है। इस तालिका मे ना ही नदी–वार लीजों की सूची, स्वीकृत क्षेत्र, स्वीकृत माईनिंग, गहराई के साथ उपलब्ध रेत की मात्रा एंव तदुपरांत उत्पादन, खनिज योग्य खनिज क्षमता, मात्रा की 60% मात्रा को दर्शाया जाना चाहिये। अतएव इस तालिका को पुनरीक्षित किया जाना प्रस्तावित है।
9. इसी प्रकार जिले में स्वीकृत/प्रस्तावित खदानों को को–आर्डिनेट के अनुसार डिजिटाईज मेप (आर्क व्यू / गूगल अर्थ कम्पेटेवल – सी.डी.में) भी संलग्न किया जाये ताकि पर्यावरण अभिस्वीकृति के समय खदानों की सही स्थिति ज्ञात करने में तथा 500 मीटर के अंदर स्थित अन्य स्वीकृत खदानों की जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो ।
10. प्रायः देखा जा रहा है जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में रेत निर्माण होने की भू–वैज्ञानिक विधि की सामान्य जानकारी दी जाती है जो सभी जिला सर्वेक्षण रिपोर्टो में एक जैसी ही है जिसके स्थान पर जिलें में मिलने वाली नदी के अपस्ट्रीम क्षेत्र में मिलने वाली चट्टानों का (रॉक फार्मेशन) का समावेश होना चाहिए ।
11. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में प्रदर्शित नक्शों में जो भी फीचर्स दिखाया जाता है उसको संबंधित नक्शें के लीजेंड में भी दिखाया जाना चाहिए एवं नक्शों का स्केल ऐसा होना चाहिए कि समस्त फीचर स्पष्ट दिख सके । यदि ए–4 साईज में नक्शें नहीं आ पा रहे हो तो ए–3 साईज में नक्शों को बनाना चाहिए।
12. समिति ने संबंधित जिलों के खनिज अधिकारियों को निर्देशित करती है कि इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि नदियों में किसी स्थान पर मछलियों / कछुआ /घड़ियाल / मगरमच्छ आदि जलचरों का ब्रीडिंग ग्राउण्ड तो नहीं है यदि ऐसा कोई स्थानीय संवेदनशीन क्षेत्र दृष्टिगत होता है तो खनन् क्षेत्र की सीमा को 60 प्रतिशत से कम कर 50 प्रतिशत तक भी सीमित किया जा सकता है ।
13. समिति ने यह भी सुझाव दिया कि सभी खनिज अधिकारी अपनी साईट विजिट के दौरान खदान द्वारा किये जा रहे पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं का भी अवलोकन करें एवं यदि कोई पर्यावरणीय संवेदनशीलता दृष्टिगत हो, जिस पर ध्यान दिया जाना आवश्यक हो तो संबंधित तथ्यों से राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारिण प्राधिकरण को उचित कार्यवाही हेतु अवगत करायें।

चर्चा उपरांत समिति की यह अनुशंसा है कि कटनी जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को समिति द्वारा सुझाई गई उपरोक्त अनुशंसाओ के तारतम्य में अद्यतन (अपडेट) किया जाये तथा संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के अनुसार पुनः प्रस्तुत की जाये । ऑन लाईन उपस्थित श्री श्री पवन कुशवाहा, खनि निरीक्षक को भी उपरोक्त संदर्भ में समझाईश दी गई तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के निर्धारित फार्मेट

अनुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को अद्यतन कर लें । तद्नुसार प्रकरण आगामी कार्यवाही राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

11.जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – सीधी, म.प्र.– (रेत एंव अन्य गौण खनिज)

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला सीधी के पत्र क्रमांक 220 दिनांक 14/07/22 के माध्यम से सीधी जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट **रेत एंव अन्य गौण खनिज** हेतु अलग–अलग 02 वॉल्यूम में राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के परीक्षण हेतु ई–मेल के माध्यम से (सॉफ्टकापी) भेजी गई है जो राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति को दिनांक 22/07/22 को प्राप्त हुई है । उक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के सदस्यों को दिनांक 24/07/22 (सॉफ्टकापी) को प्रेषित की गई थी तथा उस पर चर्चा हेतु राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 को प्रस्तावित है।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला सीधी म.प्र. के पत्र क्रमांक 220 दिनांक 14/07/2022 द्वारा प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया कि इस रिपोर्ट का अनुमोदन जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा दिनांक 30/06/22 को किया गया तथा अनुमोदन उपरांत जिले की बेवसाईट पर दिनांक 01/06/22 को अपलोड किया गया, जिसमें कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए ।

राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 को सीधी जिले की उक्त नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2022 (रेत खनिज), पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान खनिज विभाग, सीधी की ओर से सुश्री दीपमाला तिवारी, खनिज अधिकारी ऑनलाईन उपस्थित हुए जिसमें पाया गया कि :–

अ. वॉल्यूम–01 रेत खनिज

1. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज) में कुछ जानकारियॉ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा निर्धारित फार्मेट / तालिका में नहीं दी गई है । जैसे टेबिल क्रमांक 15 एवं 16 में खनिज रेत हेतु लीजवार "माइनेवल मिनरल पोटेंशियल (घनमीटर में) 60% टोटल मिनरल पोटेंशियल) लीजवार लम्बाई एंव चौड़ाई के साथ नही दिया गया है जो दिया जाना आवश्यक है।
2. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विगत 03 वर्षो में उत्खनित रेत की खदानवार मात्रा भी दर्शाई जाये, जिससे यह ज्ञात हो सके कि उस स्थल पर खदान का मिनरल पोटेंशियल विगत 03 वर्षो में कितना रहा है ।
3. इसी प्रकार एनुअल डिपोजिशन तथा मिनरल पोटेंशियल की जानकारी भी अधिसूचना में निहित प्रपत्र अनुसार दी जाना चाहिए ।
4. इसी प्रकार जिले में स्वीकृत/प्रस्तावित खदानों को को–आर्डिनेट के अनुसार डिजिटाईज मेप (आर्क व्यू / गूगल अर्थ कम्पेटेवल – सी.डी.में) भी संलग्न किया जाये ताकि पर्यावरण अभिस्वीकृति के समय खदानों की सही स्थिति ज्ञात करने में तथा 500 मीटर के अंदर स्थित

अन्य स्वीकृत खदानों की जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो।

5. समिति ने संबंधित जिलों के खनिज अधिकारियों को निर्देशित करती है कि इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि नदियों में किसी स्थान पर मछलियों/कछुआ /घड़ियाल/मगरमच्छ आदि जलचरों का ब्रीडिंग ग्राउण्ड तो नहीं है यदि ऐसा कोई स्थानीय संवेदनशीन क्षेत्र दृष्टिगत होता है तो खनन् क्षेत्र की सीमा को 60 प्रतिशत से कम कर 50 प्रतिशत तक भी सीमित किया जा सकता है।

ब. वॉल्यूम–02 अन्य गौण खनिज

1. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–अन्य गौण खनिज पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 में निर्धारित फार्मेट अनुसार नहीं बनाई गई है तथा कई जानकारियॉ वांछित तालिका में नहीं दी गई है ।
2. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट की तालिका–3 (पेज कमांक–08 से 12) की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में नहीं है । निर्धारित प्रपत्र के कमांक–9 के कॉलम–05, 13, 14, 15 एवं 16 इत्यादि की जानकारी नहीं दी गई हैं ।
3. इसी प्रकार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट की तालिका–14 की जानकारी अधिसूचना के निर्धारित प्रपत्र के कमांक–13 में प्रस्तावित टेबिल के अनुरूप नहीं है ।
4. इस जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में निर्धारित प्रपत्र के बिंदु कमांक–18, 20, 25 एवं 26 की जानकारियों का समावेश नहीं किया गया है, जिस कारण रिपोर्ट अपूर्ण है ।
5. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) के पेज न0. 28 के बिन्दु क0. 16 में जिले मे स्थित इको सेंसिटिव जोन की जानकारी दी गयी है, जिसमें बताया गया है जिले मे संजय डुबरी (Sanjay-Dubri N.P.& Tiger Reserve) राष्ट्रीय पार्क एंव टाईगर रिजर्व, सोन–घड़ियाल, अभ्यारण एंव बगदरा वन्य प्राणी अभ्यारण स्थित होना बताया गया है। इसके अतिरिक्त इसमें पाये जाने वाले जंगली जानवरों का भी उल्लेख है। चूॅकि सीधी जिला वन्य प्राणी, जलचरों एंव वनस्थिति दृष्टि अत्याधिक संवेदनशील है अतएव डी.एस.आर. के इस पार्ट तीनों ईको सेंसीटिव जोन यथा–सजंय–डुबरी राष्ट्रीय पार्क, सोन घड़ियाल अभ्यारण एंव बगदरा वन्य प्राणी अभ्यारण के अन्तर्गत इनकी सीमायें की जानकारी (Extentd) नोटिफिकेशन न0.एंव कोर जोन एंव बफर जोन मे आने वाले गांवों की सूचि का समावेश करना अत्याधिक आवश्यक है जिससे खनन गतिविधि का कोई भी विसम प्रभाव वन्य–प्राणी के रहवास एंव इनके संवेदनशील पारिस्थितिकीय तंत्र पर न पड़े एवं इनसे संबंधित अधिसूचनाओं की प्रति भी जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में संलग्न की जाना चाहिए ।
6. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट मे हरित क्षेत्र के विकास हेतु खदानों में वृक्षारोपण की जानकारी नही दी गई है। जानकारी के लीजवार शामिल कर अद्यतन किया जाना चाहिए। साथ ही निर्धारित लक्ष्य के विरूद्व कितना वृक्षारोपण किस वर्ष किया है, उसको भी अंकित किया जाना चाहिए।
7. समिति ने यह भी सुझाव दिया कि सभी खनिज अधिकारी अपनी साईट विजिट के दौरान खदान द्वारा किये जा रहे पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं का भी अवलोकन करें एवं यदि कोई पर्यावरणीय संवेदनशीलता दृष्टिगत हो, जिस पर ध्यान दिया जाना आवश्यक हो तो संबंधित तथ्यों से राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारिण प्राधिकरण को उचित कार्यवाही हेतु

अवगत करायें।

चर्चा उपरांत समिति की यह अनुशंसा है कि जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला सीधी को समिति द्वारा सुझाई गई उपरोक्त अनुशंसाओ के तारतम्य में अद्यतन (अपडेट) किया जाये तथा संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के अनुसार पुनः प्रस्तुत की जाये। ऑन लाईन उपस्थित सुश्री दीपमाला तिवारी, खनिज अधिकारी को भी उपरोक्त संदर्भ में समझाईश दी गई तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के निर्धारित फार्मेट अनुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) को अद्यतन कर लें । तद्नुसार प्रकरण आगामी कार्यवाही राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

12.<u>जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – दतिया, म.प्र.– (रेत खनिज)</u>

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण (सिया) ने पत्र कमांक 1198 दिनांक 20/07/22 के माध्यम से दतिया जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के परीक्षण हेतु सॉफ्टकापी भेजी गई है । उक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के सदस्यों को दिनांक 24/07/22 (सॉफ्टकापी) को प्रेषित की गई थी तथा उस पर चर्चा हेतु राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक .02/08/2022 में प्रस्तावित है।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला दतिया म.प्र. ने पत्र कमांक 543 दिनांक 14/07/2022 द्वारा जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को सिया कार्यालय में **ऑन**लाईन जमा कराई गई। कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला – दतिया म.प्र. ने पत्र में यह उल्लेख किया गया कि जिला पोर्टल पर इसे 21 दिवस हेतु अपलोड कर प्राप्त दावें /आपत्तियों हेतु रखा गया एंव प्राप्त दावा आपत्तियों का समिति द्वारा अवलोकन एंव निराकरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को अद्यतन किया गया। पूर्ण परीक्षण उपरांत डी.एस.आर. के भौतिक और भौगोलिक क्षेत्रों से संबंधित प्रांसगिक तथ्यों के सही पाये जाने पर समिति द्वारा अनुमोदन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/22 में दतिया जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) पर चर्चा की गई । चर्चा के दौरान खनिज विभाग,दतिया की ओर से श्री रमेश पटेल, प्रभारी खनिज अधिकारी ऑनलाईन उपस्थित हुए जिसमें पाया गया कि :–

1. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 में निर्धारित फार्मेट अनुसार नहीं बनाई गई है तथा कई जानकारियॉ वांछित तालिका में नहीं दी गई है जिस कारण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट अपूर्ण है।
2. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज न0. 31 एवं 32 की जानकारी में अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 अनुसार निर्धारित प्रपत्र में नहीं है जैसे तालिका में प्रपत्र अनुसार नदी की खदानों मे चौडाई एंव गहराई कितनी ली गई है जिस आधार पर रेत की मात्रा की गणना की

गयी है उसका उल्लेख नही किया गया है ।

3. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विगत 03 वर्षो में उत्खनित रेत की खदानवार मात्रा भी दर्शाई जाये, जिससे यह ज्ञात हो सके कि उस स्थल पर खदान का मिनरल पोटेंशियल विगत 03 वर्षो में कितना रहा है ।
4. इसी प्रकार जो जानकारी पेज 33 पर उल्लेखित है उसमें उपरोक्त बिंदु क्रमांक–02 की तालिका संबंधी अधिकांश जानकारियॉ दी गई सिर्फ 60 प्रतिशत टोटल माईनेवल प्रोटेंशियल की गणना नहीं की गई हैं जो रेत खनन के प्रकरणों में पर्यावरणीय स्वीकृति के परीक्षण के दौरान आवश्यक है । अतः नदी में आवंटित सभी माइनिंग लीजों की जानकारी में ''60 प्रतिशत टोटल माईनेवल प्रोटेंशियल'' की गणना कर एकजाई जानकारी जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में प्रस्तुत की जाये ।
5. पेज न0. 41 में Annexure – III के अन्तर्गत प्रदाय की तालिका में जानकारी निरंक दशाई गई है जबकि इस तालिका में नदीवार विभिन्न लीजों की जानकारी का समावेश किया जाना चाहिये।
6. पेज न0. 42 मे Annexure - VI के अन्तर्गत प्रदाय की जानकारी अपूर्ण है। इस तालिका मे ना ही नदी–वार लीजों की सूची, स्वीकृत क्षेत्र, स्वीकृत माईनिंग, गहराई के साथ उपलब्ध रेत की मात्रा एंव तदुपरांत उत्पादन, खनिज योग्य खनिज क्षमता, मात्रा की 60% मात्रा को दर्शाया जाना चाहिये। अतएव इस तालिका को पुनरीक्षित किया जाना प्रस्तावित है।
7. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज 52 जिसमें पोस्ट और प्री मानसून में रेत की उपलब्धता दर्शाई गई है, संबंधित दोनों तालिका में जो रेत की उपलब्धता एवं स्वीकृत गहराई के साथ जो गणना की गई है, वह सही प्रतीत नहीं होती है । क्योंकि इस तालिका मे रेत की उपलब्ध मात्रा की गणना करने मे रेत की खदान की औसत गहराई प्री–मानसून एंव पोस्ट मानसून मे एक समान ली गई है। अतएव इसको पुनः सत्यापित कर लेवें।
8. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं. 31, 32 एवं 33 पर दी गई जानकारी पुनः पेज नं. 41 एवं 42 पर प्रदर्शित की गई है, जिसमें जानकारी भिन्न है । निर्धारित प्रपत्र अनुसार इन तालिकाओं में पूरे जिले की एकजाई जानकारी को सम्मिलित कर जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में सम्मिलित किया जावें ।
9. बिंदु क्रमांक–10.6 में दी गई जानकारी (पेज नं. 53 से 57) रिपोर्ट की अनुक्रमणिका के बिंदु क्रमांक–1.6 में शामिल की जा सकती है ।
10. इसी प्रकार जिले में स्वीकृत/प्रस्तावित खदानों को को–आर्डिनेट के अनुसार डिजिटाईज मेप (आर्क व्यू / गूगल अर्थ कम्पेटेवल – सी.डी.में) भी संलग्न किया जाये ताकि पर्यावरण अभिस्वीकृति के समय खदानों की सही स्थिति ज्ञात करने में तथा 500 मीटर के अंदर स्थित अन्य स्वीकृत खदानों की जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो।
11. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) मे जो जिला का खनिज नक्शा दर्शाया गया है। उसमें दर्शाये गये रेत खदानों की स्थान स्पष्ट नही हो रहे है। कृपया इस नक्शे को A-3 size मे या अन्य उचित स्केल मे प्रिन्ट करवाकर लगायें। इसी प्रकार अन्य दर्शायें गये नक्शे जैसे जिले की जनसंख्या, नक्शा आदि भी संशोधित कर लेवें।
12. समिति ने संबंधित जिलों के खनिज अधिकारियों को निर्देशित करती है कि इस बात का भी

ध्यान रखा जाये कि नदियों में किसी स्थान पर मछलियों/कछुआ /घड़ियाल/मगरमच्छ आदि जलचरों का ब्रीडिंग ग्राउण्ड तो नहीं है यदि ऐसा कोई स्थानीय संवेदनशीन क्षेत्र दृष्टिगत होता है तो खनन् क्षेत्र की सीमा को 60 प्रतिशत से कम कर 50 प्रतिशत तक भी सीमित किया जा सकता है।

13. समिति ने यह भी सुझाव दिया कि सभी खनिज अधिकारी अपनी साईट विजिट के दौरान खदान द्वारा किये जा रहे पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं का भी अवलोकन करें एवं यदि कोई पर्यावरणीय संवेदनशीलता दृष्टिगत हो, जिस पर ध्यान दिया जाना आवश्यक हो तो संबंधित तथ्यों से राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारिण प्राधिकरण को उचित कार्यवाही हेतु अवगत करायें।

चर्चा उपरांत समिति की यह अनुशंसा है कि दतिया जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) को समिति द्वारा सुझाई गई उपरोक्त अनुशंसाओ के तारतम्य में अद्यतन (अपडेट) किया जाये तथा संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के अनुसार पुनः प्रस्तुत की जाये। ऑन लाईन उपस्थित श्री रमेश पटेल, प्रभारी खनिज अधिकारी को भी उपरोक्त संदर्भ में समझाईश दी गई तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के निर्धारित फार्मेट अनुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) को अद्यतन कर लें । तद्नुसार प्रकरण आगामी कार्यवाही राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

13.<u>जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – रीवा, म.प्र.– (अन्य गौण खनिज, रेत छोड़कर)</u>

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण (सिया) ने पत्र क्रमांक 1234 दिनांक 26/07/22 के माध्यम से रीवा जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (**अन्य गौण खनिज–रेत छोड़कर**) राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के परीक्षण हेतु सॉफ्टकापी भेजी गई है । उक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के सदस्यों को दिनांक 27/07/22 (सॉफ्टकापी) को प्रेषित की गई थी तथा उस पर चर्चा हेतु राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 में प्रस्तावित है।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला रीवा म.प्र. ने पत्र क्रमांक 2413 दिनांक 25/07/2022 द्वारा जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को सिया/सेक कार्यालय में ऑनलाईन जमा कराई गई। कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला – रीवा ने जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में संलग्न कार्यालय पत्राचार में यह उल्लेख किया गया कि इस डीएसआर को जिला पोर्टल पर दिनांक 17/06/22 को जन–सामान्य से आपत्ति व सुझाव प्रस्तुत करने बावत् अपलोड किया गया तथा प्राप्त आवश्यक सुधारों का समावेश किया जाकर डी.एस.आर. तैयार की गई है, जिसका अनुमोदन जिला समिति द्वारा किया गया है ।

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 में रीवा जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान खनिज विभाग, रीवा की ओर से श्री रत्नेशन दीक्षित, खनि अधिकारी, ऑनलाईन उपस्थित हुए जिसमें पाया गया कि :–

1. तालिका क0. 12.1 के पेज 23 से गिट्टी स्टोन की जो जानकारी प्रदर्शित की है, उसके रिमार्क कॉलम मे सरल क0. 84, 85, 86, 87, 89, 90, 91, 95, 97, 98, 99, 100, 101, 102, 106, 107, 108, 123, 125, एंव 142 मे पर्यावारण स्वीकृति संबंधी जानकारी में कोई भी टिप्पणी नही की गई है तथा अन्य गौण खनिज जैसे : ऑकर एवं लेटराईट खनिज की जानकारी भी दी जावें। इस टेबिल में जानकारियॉ अधिसूचना दिनांक 25/07/18 में दिए गए फार्मेट के बिंदु क्रमांक–9 के अनुरूप कॉलमों में दी जाये, जैसे : सभी खदानों के अक्षांश–देशांश की भी जानकारी, मेथर्ड ऑफ माईनिंग इत्यादि । अतः पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के निर्धारित फार्मेट अनुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) को अद्यतन कर लें ।
2. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में प्रदर्शित नक्शों में जो भी फीचर्स दिखाया जाता है उसको संबंधित नक्शें के लीजेंड में भी दिखाया जाना चाहिए एवं नक्शों का स्केल ऐसा होना चाहिए कि समस्त फीचर स्पष्ट दिख सके । यदि ए–4 साईज में नक्शें नहीं आ पा रहे हो तो ए–3 साईज में नक्शों को बनाना चाहिए जैसे : पेज–14 पर स्वाइल मेप, पेज–17 पर डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स इत्यादि।
3. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में पूर्व के वर्षो में लीज धारकों द्वारा किये गये वृक्षारोपण की जानकारी की फोटोग्राफ प्रस्तुत किये है, सभी संचालित खदानों में किए गए वृक्षारोपण की जानकारी (खदानवार) दी जाना चाहिए, अतः इसको अद्यतन किया जाये ।

चर्चा उपरांत समिति की यह अनुशंसा है कि रीवा जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को समिति द्वारा सुझाई गई उपरोक्त अनुशंसाओ के तारतम्य में अद्यतन (अपडेट) किया जाये तथा संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के अनुसार पुनः प्रस्तुत की जाये। ऑन लाईन उपस्थित श्री रत्नेशन दीक्षित, खनि अधिकारी,को भी उपरोक्त संदर्भ में समझाईश दी गई तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 के निर्धारित फार्मेट अनुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को अद्यतन कर लें। तद्नुसार प्रकरण आगामी कार्यवाही राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

14.<u>जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – राजगढ़ (रेत खनिज) (संशोधित).</u>

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 575वीं दिनांक 30/05/22 में जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – राजगढ़ पर चर्चा हुई थी तथा परीक्षण उपरांत संशोधन हेतु सुझाव दिये गये थे ।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला राजगढ़ म.प्र. ने पत्र क्रमांक 638 दिनांक 26/07/2022 द्वारा संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज), राजगढ़ द्वारा सीधे सेक को ऑनलाईन तथा एक प्रति हार्ड कापी में प्रस्तुत की गई है । उक्त संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज), समिति के सदस्यों को दिनांक 28/07/22 को प्रेषित की गई तथा उस पर चर्चा हेतु राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/22 में नियत है।

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/22 में संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज), राजगढ़ पर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान खनिज विभाग राजगढ़ की

ओर से श्री मुकेश सिंह सिकरवार, खनि निरीक्षक ऑनलाईन उपस्थित हुये उन्होने बताया कि उक्त रिपोर्ट के संबंध में इसके पूर्व राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 575 वीं बैठक दिनांक 30/05/22 में जो सुझााव दिये गये थे, उनका समावेश रेत खनन के मामलें मे कर लिया गया है।

समिति ने परीक्षण उपरांत पाया कि संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में अभी भी कुछ बिंदुओं पर स्पष्टता का अभाव है, जैसे

1. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं. 25 पर अंकित है कि वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 में रेत की रॉयल्टी टेबल में रेत का उत्पादन ''नॉट एप्लीकेवल'' दर्शाया गया है परंतु शासकीय राजस्व इन वर्षो में दर्शाया गया हैं जिस संदर्भ में स्थिति स्पष्ट की जाना चाहिए ।
2. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विगत 03 वर्षो में उत्खनित रेत की खदानवार मात्रा भी दर्शाई जाये, जिससे यह ज्ञात हो सके कि उस स्थल पर खदान का मिनरल पोटेंशियल विगत 03 वर्षो में कितना रहा है ।
3. बिंदु क्रमांक–10 पर प्रस्तुत रेनफॉल की जानकारी में मासिक विवरण नहीं दिया गया है ।
4. जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के साथ संलग्न किए गए 29 गूगल इमेज के अवलोकन से स्पष्ट है कि लगभग 10 से 15 खदानें पूर्ण रूप से जलमग्न है या ब्रिज के समीप है, इस स्थिति में रेत का खनन् सस्टेनेबल सेंड माईनिंग गाईड लाईन, 2016 व इंफोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईड लाईन फॉर सेंड माईनिंग, 2020 अनुसार किस प्रकार किया जायेगा स्थिति स्पष्ट नहीं की गई हैं एवं क्या जिला समिति द्वारा इन स्थलों का भौतिक सत्यापन किया गया है । समिति का सुझाव है कि ऐसे संसेटिव फीचर्स की जानकारी का जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में आवश्यक उल्लेख किया जाना चाहिए जिससे पर्यावरणीय अभिस्वीकृति के समय समिति को निर्णय लेने में असुविधा न हो ।

चर्चा उपरांत समिति की यह अनुशंसा है कि उपरोक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज), राजगढ़ को समिति द्वारा सुझाई गई उपरोक्त अनुशंसाओ के तारतम्य में अद्यतन (अपडेट) किया जाये । ऑन लाईन उपस्थित श्री मुकेश सिंह सिकरवार, खनि निरीक्षक को भी उपरोक्त संदर्भ में समझाईश दी गई कि वे उपरोक्तानुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज) को अद्यतन कर लें। तद्नुसार प्रकरण आगामी कार्यवाही राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकरण की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

15.जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिला – भोपाल, म.प्र.– (रेत खनिज)

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल के पत्र क्रमांक 2329 दिनांक 27/07/22 के माध्यम से भोपाल जिले की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–रेत खनिज हेतु राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के परीक्षण हेतु दिनांक 28/07/22 को प्राप्त हुई है । उक्त जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के सदस्यों को दिनांक 28/07/22 (स्केन्ड कापी) को प्रेषित की गई थी तथा उस पर चर्चा हेतु राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 को प्रस्तावित है।

587वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 02 अगस्त 2022

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल म.प्र. के पत्र क्रमांक 2329 दिनांक 27/07/22 द्वारा प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–रेत खनिज में यह उल्लेख किया गया कि प्रारूप जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को जन–सामान्य के सुझाव हेतु जिले की बेवसाइट पर 21 दिन के लिए अपलोड कराया गया, जिस पर कोई आपत्ति /सुझाव प्राप्त नहीं हुए तथा जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु समिति की बैठक दिनांक 29/04/22 में रखा गया समिति ने जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के अधिसूचना दिनांक 25/07/18 के अपेंडिक्स–10 में वर्णित फॉरमेट तथा स्ट्रेक्चर सस्टेनेबल सेंड माईनिंग गाइडलाईन, 2016, इनफोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाइडलाईन फॉर सेंड माईनिंग, 2020 में दिए गये दिशा–निर्देशों को समाहित करते हुए प्रारूप जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार किया जाना पाया गया।

राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की 587 वीं बैठक दिनांक 02/08/2022 को सीधी जिले की उक्त नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट–2022 (रेत खनिज), पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान खनिज विभाग, सीधी की ओर से श्री कमल दिनकर, उप संचालक, खनि कर्म, भोपाल ऑनलाईन उपस्थित हुए जिसमें पाया गया कि :–

1. प्रस्तुत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत खनिज) में कुछ जानकारियॉ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा निर्धारित फार्मेट/ तालिका में नहीं दी गई है । जैसे टेबिल क्रमांक 16 व 17 (पेज क्रमांक–77 व 78) में खनिज रेत हेतु लीजवार "माइनेवल मिनरल पोटेंशियल (घनमीटर में) 60% टोटल मिनरल पोटेंशियल) लीजवार लम्बाई एंव चौड़ाई के साथ नही दिया गया है जो दिया जाना आवश्यक है।
